# आज 25 परीक्षा केन्द्रों पर होगी नीट यूजी परीक्षा, कंट्रोल रूम स्थापित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नीट यूजी परीक्षा ग्वालियर में रविवार 21 जून को 25 परीक्षा केन्द्रों पर होगी। नीट परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक एक सत्र में आयोजित की जायेगी। ग्वालियर में 10 हजार 543 परीक्षार्थी सम्मलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के लिए ठण्डा पेयजल, स्वल्पाहार व चाय आदि की व्यवस्था की गई है। वेरीफिकेशन के दौरान छाया के लिए टेन्ट भी लगाया जायेगा।

नीट परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष कमांक-113 में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष कमांक 0751-2446214 है। यह कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के अधीक्षक आर आई. भगत (मोबा. 94251-35143) के निर्देशन में 21 जून को प्रात: 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक निरंतर कार्यशील रहेगा। परीक्षार्थीयो के लिए केन्द्र पर प्रात: 10.30 बजे से प्रवेश प्रारम्भ कर दिया जायेगा। सभी परीक्षार्थीयों का बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन किया जायेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रांरम्भ होने के 30 मिनिट पहले पहुँचना होगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनिट पहले ही केन्द्र पर प्रवेश बंद कर दिया जायेगा।

परीक्षार्थी का मोबाईल, बैग तथा किसी भी तरह की इलेक्ट्रोनिक डिवाईस के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। केन्द्र पर परीक्षार्थी का कोई भी समान नही रखा जायेगा। परीक्षा कक्ष में पानी की पारदर्शी बोतल ले जा सकते हैं।

परीक्षा के सम्पूर्ण परीक्षा काल तक परीक्षा कार्य से संबधित शिकायत एवं सुझाव के लिए अधीकक्ष कलेक्ट्रेट श्री आर आई. भगत से सम्पर्क कर सकते हैं। एन.टी.ए द्वारा प्राचार्य के.वी. न.3 रोहित सक्सेना (मोबा. 8006795042) तथा प्राचार्य के.वी. न.1 श्री राजेश पाडेय (मोबा. 9796800810) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



# चोरी की टमटम के साथ 4 शातिर चोर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** जनकगंज थाना पुलिस ने टमटम चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई टमटम (एमपी 07 जेएच 7176) बरामद कर ली गई है।

फरियादी संजू शाक्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18-19 जून की रात रामद्वारा से उनकी टमटम चोरी हो गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर विक्की फैक्ट्री तिराहे के पास घेराबंदी की, जहाँ टमटम में सवार चार संदिग्ध व्यक्ति मिले। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नंदू जाटव, अभिषेक कुशवाह, अरुण जाटव और कुनाल श्रीवास के रूप में हुई है। पूछताछ में चारों ने रामद्वारा से टमटम चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज ग्वालियर किले पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** ग्वालियर जिले में भी 21 जून को 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

- प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि
- विद्यार्थी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं शासकीय सेवक करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर राजा मानसिंह महल के समीप प्रात: 6 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट होंगे। जिले में इसके अलावा सभी नगरीय निकायों, पंचायत मुख्यालयों व ग्रामीण में भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव योग दिवस 21 जून को कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। उनके उदबोधन का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित जिले में योग दिवस पर होने वाले अन्य कार्यक्रमों में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रात: 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों सहित सभी सहभागीगण उपस्थित होंगे। प्रात: 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधिगणों का आगमन व उदबोधन होगा। इसके बाद प्रात: 6.30 बजे से 6.40 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण होगा। इसी क्रम में प्रात: 6.40 से 7.40 बजे तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का सीधा प्रसारण होगा। इसके बाद सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रात: 7 बजे से 7.45 बजे तक योगाभ्यास कराया जायेगा।



# पुलिस की तत्परता : खोया हुआ बैग मिला मालिक को वापस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** डी.डी. नगर चौराहे पर गिरे एक बैग को ग्वालियर यातायात पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोज निकाला। फरियादी अनूप सिंह नरवारिया का बैग रास्ते में गिर गया था, जिसमें 3,800 रुपये नकद और सोने के आभूषण (चेन व पैंडल) थे।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी (गोला का मंदिर) सूबेदार अभिषेक रघुवंशी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल सर्चिंग शुरू की। भानु प्रताप सिंह, आरक्षक जोगेंद्र, मोहन और सैनिक विजय की टीम ने कुछ ही घंटों में बैग ढूंढकर सुरक्षित मालिक को लौटा दिया। अपना कीमती सामान वापस पाकर फरियादी ने ग्वालियर पुलिस की ईमानदारी और त्वरित कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया।

# मर्सी होम के बच्चों को कैट ने किए नए कपड़े भेंट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** ग्वालियर में मर्सी होम को बेहतर बनाने के लिये सामाजिक सरोकार के तहत समाज के विभिन्न लोगों को जोड़कर व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा रहा है। इसी कड़ी

- कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मर्सी होम की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

में कैट संस्था के जिला अध्यक्ष श्री रवि गुप्ता ने शनिवार को मर्सी होम पहुँचकर मर्सी होम में रह रहे 50 बच्चों को नए कपड़े सिलवाकर भेंट किए। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, कैट संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री श्री भूपेन्द्र जैन, श्री हिमांशु एवं डॉ. सौरभ खण्डेलवाल सहित मर्सी



होम के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्वालियर में स्थित मर्सी होम को बेहतर बनाने के लिये जिला प्रशासन एवं समाज के सभी वर्गों को जोड़कर कार्य किए जा रहे हैं। इस पुनीत कार्य में समाज के अनेक लोग आगे आकर मर्सी होम की व्यवस्थाओं में सहयोग के हाथ बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में सजासेवी श्री रवि गुप्ता ने भी बच्चों के लिये नए कपड़े भेंट करने की अनुकरणीय पहल की है।

ग्वालियर का मर्सी होम और बेहतर हो और यहां पर रह रहे बच्चों को सभी तरह की सुविधायें उपलब्ध हो और अच्छा वातावरण मिले, इसके लिये प्रशासन व समाज के गणमान्य नागरिक मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य में सभी का सहयोग भी मिल रहा है।

समाजसेवी श्री रवि गुप्ता ने कहा कि मर्सी होम के बच्चों को नई ड्रेस देने का जो कार्य किया गया है वह सामाजिक सरोकार के तहत किया गया है। समाज के सभी लोगों को इस तरह के कार्यों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर श्री भूपेन्द्र जैन ने भी मर्सी होम में हर संभव सहयोग करने की बात कही। श्री जैन ने मर्सी होम के बच्चों के लिये शीघ्र ही एक कलर टीव्ही भेंट करने का आश्वासन भी दिया।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मर्सी होम का निरीक्षण किया और लाइटिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिये तैयार हो रहे भोजन का भी निरीक्षण किया।

# प्रभारी मंत्री सिलावट दो दिवसीय प्रवास पर आज ग्वालियर आयेंगे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 21 व 22 जून को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के ग्वालियर प्रवास के दौरान अगवानी एवं विदाई के अवसर पर भी उपस्थित रहेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट 21 जून को ग्वालियर आकर प्रात: 6 बजे ग्वालियर किले पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2.20 बजे वायु सेना के विमानतल पर राष्ट्रपति



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के ग्वालियर आगमन अवसर पर अगवानी करेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट 22 जून को वायुसेना के विमानतल पर प्रात: 10.30 बजे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को ग्वालियर से दिल्ली रवाना होते समय विदाई देने उपस्थित रहेंगे।

प्रभारी मंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शाम लगभग 5.45 बजे ग्वालियर से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' संदेश लेकर महिला मोर्चा ने लगाई खाद्य प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, ग्वालियर महानगर द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया के मुख्य आतिथ्य एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ करुणा सक्सेना के नेतृत्व में खाद्य तेल संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' विषयक खाद्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के प्रति जनजागरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान



महिलाओं द्वारा कम तेल एवं पौष्टिक तत्वों से युक्त व्यंजनों की आकर्षक खाद्य वितरण प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें महिला कार्यकर्ता घर से व्यंजन तैयार करके लायी.

प्रदर्शनी में स्वास्थ्य, स्वाद और भारतीय पाक संस्कृति का सुंदर समन्वय देखने को मिला। महिलाओं ने अपने नवाचारपूर्ण व्यंजनों के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वाद के साथ स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना आज की आवश्यकता है।

इस अवसर पर एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी जिसमे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आयोजित संवाद सत्र विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा। ग्वालियर के वरिष्ठ नेतृत्व ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए महिलाओं को स्वस्थ खान-पान, खाद्य तेल के संयमित उपयोग तथा परिवार के स्वास्थ्य संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलिमा शिंदे, मुख्य वक्ता वंदना खत्री, सुमन शर्मा, मंजू सिकरवार, जिला महामंत्री धर्मेंद्र तोमर बिट्टू, राजू पलैया, जवाहर प्रजापति, डॉ.निशिकांत मोघे, सारिका उपाध्याय, लता सिंह उपस्थित रहीं।

## मोहर्रम व्यवस्थाओं के लिए उपसमितियों का गठन

**ग्वालियर, 19 जून।** ग्रेटर ग्वालियर मोहर्रम एवं कर्बला इंतजामिया कमेटी ने आगामी मोहर्रम पर्व की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न उपसमितियों एवं अस्थाई कार्यालय का गठन किया है। कमेटी अध्यक्ष अख्तर हुसैन कुरैशी ने बताया कि कर्बला (सागरताल) परिसर सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर व्यवस्थाओं के उद्देश्य से ताजिया विसर्जन, विद्युत, पेयजल, यातायात, सफाई, आकस्मिक चिकित्सा, तबर्रुक (प्रसाद) एवं महिला उपसमितियों का गठन किया गया है। इन उपसमितियों में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सरकारी कर्मचारियों के लिए फाइनल पेमेंट की व्यवस्था बदली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** सेवानिवृत्त या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारियों को किए जाने वाले अंतिम भुगतान की व्यवस्था में प्रदेश सरकार ने परिवर्तन किया है। अब अंतिम भुगतान के प्रकरणों के निराकरण के लिए कोषालयीन कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा को भुगतान सहित अन्य सभी प्रक्रियाओं के लिए अधिकृत किया गया है।

जारी किए गए निर्देश के अनुसार भविष्य निधि कटौती का विवरण कर्मचारी प्रति माह कोषालयीन कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से देख सकेंगे। कोई गडबडी नजर आने पर अभ्यावेदन आहरण एवं संवितरण अधिकारी को देंग। सेवानिवृत्ति से चार माह पूर्व जब अंशदान की कटौती बंद कर दी जाती है तब कर्मचारी ब्याज की गणना का सत्यापन करेंगे। चार माह पहले ही अपना अंतिम भुगतान आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

ऑनलाइन आवेदन जमा होने और वास्तविक भुगतान प्राप्त होने तक अपने वेतन से संबद्ध बैंक खाते में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं रहेगी। ऑनलाइन आवेदन के समय ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे सुरक्षित रखने का दायित्व कर्मचारी का होगा। कर्मचारी से प्राप्त आवेदन का मिलान विभाग में संधारित निधि की पासबुक एवं सेवा पुस्तिका से होगा और उसकी प्रविष्टि कराई जाएगी। सत्यापित पृष्ठों को स्कैन कर कोषालयीन कंप्यूटर प्रणाली पर अपलोड किया जाएगा।

*छह माह के वेतन वाले खाते में ही ट्रांसफर होगी राशि*

आहरण एवं संवितरण अधिकारी से प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण करने के बाद संचालक पेंशन के द्वारा भुगतान संबंधी आदेश जारी किए जाएंगे। भुगतान की राशि सीधे कर्मचारियों के उसी खाते में अंतरित की जाएगी, जहां सेवानिवृत्ति से पूर्व निरंतर छह माह का वेतन जमा किया गया हो।

# टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला ग्वालियर इकाई ने शुक्रवार को कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। संघ के जिला अध्यक्ष वेदपाल सिंह परमार ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना



आवश्यक माना गया है, जिससे प्रदेश सहित देशभर के लाखों शिक्षकों में असमंजस और असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। संघ ने मांग की कि वर्ष 2010 से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त करने के लिए नियमों में संशोधन किया जाए अथवा इस संबंध में व्यावहारिक एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। संभागीय संगठन मंत्री देवी सिंह कौरव ने चेतावनी दी कि यदि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त नहीं की गई तो शिक्षक संगठन दिल्ली में भी आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सचिव सीमा श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आज से 2 महीने के लिए बंद की गई डीडी मॉल-मार्कण्डेश्वर मंदिर तक की रोड

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल डीडी मॉल-मोती मस्जिद रोड पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए

- सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद

महत्वपूर्ण सूचना है। एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के चलते आज से अगले दो महीनों तक डीडी मॉल से मार्कण्डेश्वर महादेव मंदिर और मोती मस्जिद से गुरुद्वारा तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा।



यातायात पुलिस ने निर्माण कार्य को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया है। साथ ही शहरवासियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं।

**पुलिस ने नागरिकों से की अपील-** ग्वालियर यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले डायवर्जन प्लान की जानकारी अवश्य लें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। पुलिस के अनुसार एलिवेटेड रोड शहर की महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजनाओं में शामिल है। निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वाहन चालक ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

### ये रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

फूलबाग चौराहे से लाल बाल पाल मार्ग होते हुए वाहन हाथीवाला गेट और मोती तबेला के रास्ते नदी गेट पहुंच सकेंगे।
एलआईसी तिराहा से वाहन मोती महल की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। यहां से मोती तबेला होकर नदी गेट पहुंचा जा सकेगा।
इन क्षेत्रों से आने वाले वाहन शान-ए-शौकत मार्ग से शिंदे की छावनी पहुंचेंगे। इसके बाद गुरुद्वारा से यू-टर्न लेकर मोती तबेला, हाथी गेट और बैजाताल मार्ग से फूलबाग जा सकेंगे।
रामदास घाटी की ओर से आने वाले वाहनों को नौ-गजा रोड की ओर मोड़ा जाएगा। यहां से वाहन डीडी मॉल के पीछे स्थित गोपांचल पर्वत मार्ग का उपयोग करते हुए फूलबाग पहुंच सकेंगे।

# भीषण गर्मी में 5 दिनों से त्राहि-त्राहि, बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

**बलि बाबा की पुलिया क्षेत्र में पाइपलाइन और मोटर की समस्या के चलते पीएचई विभाग की बड़ी लापरवाही, ठेकेदार की मनमानी से उपभोक्ता परेशान**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** मुरार के बलि बाबा की पुलिया के आसपास के क्षेत्र में पिछले 7 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के इस दौर में स्थानीय निवासी बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। हैरत की बात यह है कि बार-बार शिकायत के बाद भी पीएचई विभाग और जिम्मेदार ठेकेदार की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है।

**5 दिन पहले की थी शिकायत-** स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने पानी न आने की शिकायत 5 दिन पूर्व ही पीएचई विभाग में दर्ज करा दी थी, लेकिन विभाग ने सुध लेना तो दूर, मौके पर किसी कर्मचारी को भेजना भी मुनासिब नहीं समझा। जब समस्या विकराल हो गई, तब निवासियों ने स्थानीय पार्षद ममता अरविंद शर्मा को मामले की जानकारी दी।

**जिम्मेदार अधिकारी का बेतुका जवाब-** इस मामले में जब पीएचई विभाग के इंजीनियर पांडे से बात की गई, तो उन्होंने केवल इतना कहा कि 'शिकायत मिल गई है और ठेकेदार को बता दिया गया है।' विभाग के इस उदासीन रवैये से साफ जाहिर है कि आमजन की परेशानी के प्रति अधिकारी कितने लापरवाह हैं।



**इन लोगों ने जताया आक्रोश**
क्षेत्र के सुनील तिवारी, गजेंद्र पुरोहित, कल्लू दुबे, भूरा कटारे, अश्विनी तिवारी, संतोष शर्मा और सुनील शर्मा सहित अन्य निवासियों ने पीएचई विभाग पर उन्हें जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। निवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट ने उनका जीना दुश्वार कर दिया है, लेकिन विभाग उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है।

### छुट्टी का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ा

पार्षद के कहने और स्थानीय लोगों के ?दबाव बढ़ने पर शनिवार को ठेकेदार के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खराब मोटर निकालकर ले गए। विभाग ने संडे होने का हवाला देकर काम बंद कर दिया, जिससे अब लोगों को पानी के लिए कम से कम सोमवार तक का इंतजार करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार को मोटर निकालने के साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था (टेंपरेरी मोटर) करनी चाहिए थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। वहीं, इस पूरे मामले में जब ठेकेदार को फोन लगाया गया, तो उसने फोन उठाना ही बंद कर दिया है।

## अमृतसर से बरामद हुई घर से लापता नाबालिग

**ग्वालियर 20 जून.** ऑपरेशन मुस्कान के तहत ग्वालियर पुलिस ने घर से लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को अमृतसर (पंजाब) से सकुशल बरामद कर लिया है।

फरियादी ने 28 मई को थाना ग्वालियर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी रात को घर से अचानक लापता हो गई है। पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से बालिका की लोकेशन अमृतसर, पंजाब में ट्रेस की। पुलिस टीम ने तुरंत पंजाब पहुंचकर बटाला रोड स्थित सिक्का गैस गोदाम के पास से किशोरी को दस्तयाब किया और उसे सकुशल ग्वालियर वापस ले आई। पुलिस अब बालिका के कथनों के आधार पर आगामी कानूनी कार्यवाही कर रही है।

# अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 जून.** हजीरा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों

- दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो 315 बोर के देशी कट्टे और दो जिंदा राउंड बरामद किए हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खेलगांव रोड मल्लगढ़ा के पास से हर्षित शर्मा उर्फ पंडित (19 वर्ष) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। वही एक ओर मामले मे पुलिस को मऊ जमार पुल के नीचे एक अन्य संदिग्ध के होने की सूचना मिली। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभिषेक सिकरवार उर्फ रानू (19 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से भी एक 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया। थाना हजीरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर व उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95